दिन—गुरूवार दिनांक— 03/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक—दो हजार पच्चीस पर चर्चा जारी। अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा — विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन करना है।

02. विधेयक के कल लोकसभा में पारित होने के बाद देश भर में प्रमुख नेताओं ने इसका स्वागत किया। कहा — यह विधेयक वक्फ बोर्ड के प्रबंधन और शासन में पारदर्शिता लाएगा।

03. लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। कल उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही संपन्न हो जाएगा छठ महापर्व का अनुष्ठान।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा और जमुई जिले में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

राज्यसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस को विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया। विधेयक पर चर्चा जारी है। विधेयक पेश करते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बिल का उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा कर शासन में सुधार करना है।

———बाइट———

हम चाहते हैं कि सबको डिसीजन मेकिंग की बोटी में जगह मिलनी चाहिए। इसलिए सबको एम्पावरमेंट कर रहे हैं। एफिशियेंसी को हम इनक्रीज़ करने के लिए टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने का भरपूर इसमें प्रावधान किया गया है। अब सेंट्रलाइज डेटाबेस होगा, डिजिटल पोर्टल होगा, जो सारा स्टेट बोर्ड के साथ लिंक होगा, लाइव होगा। वक्फ प्रोपर्टी का कॉन्टिन्यूसली रजिस्ट्रेशन, ट्रैकिंग, कम्प्लाइंस पूरी व्यवस्था करके हमने एफिशियेंसी को टारगेट दिया है।

---

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने राज्यसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्षी दलों पर विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

———बाइट———

---

चर्चा में भाग लेते हुए राजद के मनोज कुमार झा ने कहा कि विधेयक में विपक्ष के सुझाव को कोई स्थान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि विधेयक से वक्फ बोर्ड के संचालन में पारदर्शिता आने की बात कहना बेईमानी है।

———बाइट———

---

जदयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने विपक्षी दलों पर मुस्लिम समुदाय में भ्रम फैलाकर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया है। आज संसद भवन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिल पर चर्चा के बाद जो भ्रम की स्थिति थी, वह पूरी तरह स्पष्ट हो गयी है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक के द्वारा संस्था को पारदर्शी और मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है। संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जब भी कुछ अच्छा लेकर आती है, तो विपक्ष के लिए काला दिन होता है।

———बाइट———

---

वक्फ संशोधन विधेयक– दो हजार पच्चीस के कल लोकसभा में पारित होने के बाद देश भर में प्रमुख नेताओं ने इसका स्वागत किया है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के अध्यक्ष शारिक अदीब ने कहा है कि यह विधेयक वक्फ बोर्ड के प्रबंधन और शासन में जरूरी पारदर्शिता लाएगा।

———बाइट———

वक्फ कहीं नहीं जा रहा, वक्फ महफूज़ था, महफूज है और महफूज़ रहेगा, मुसलमानों के हाथ में रहेगा। बस उसमें जो गलतियां हैं, मिसमेनेजमेंट है, वो सही होगा और अगर कोई गवर्नमेंट बेवाओं को, गरीब बच्चों को, मिसकिनों को, नादारों को, पशमानां मुसलमानों को उनका हक और हकूक देने की बात करती है, तो इसमें इतनी घबराने की बात क्या। बस ये है कुछ लोगों के पास में ये पूरी पावर थी अब वे चली जाएगी, इसलिए ये लोग हंगामा कर रहे हैं।

शिया वक्फ बोर्ड के सदस्य और शेखपुरा व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता हुमायूं कबीर काजमी ने वक्फ विधेयक की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह बिल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

———बाइट———

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि लंबे समय से वक्फ बोर्ड में सुधार की आवश्यकता थी। वे उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम के तहत असहाय महिलाओं को वक्फ बोर्ड की ओर से मदद करने का प्रावधान किया गया था, लेकिन किसी भी बोर्ड ने ऐसी महिलाओं को आर्थिक मदद नहीं दी।

———बाइट———

और, अब वक्फ संशोधन विधेयक पर भाजपा, राजद और कांग्रेस की प्रतिक्रिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि वक्फ बोर्ड में कुप्रबंधन के कारण सरकार वक्फ संशोधन विधेयक लेकर आयी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस बिल के प्रभावी हो जाने के बाद वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पूरी पारदर्शिता आ जाएगी।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन में वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस विधेयक का समर्थन करने वाले कई राजनीतिक दलों का असली चेहरा सामने आ गया है।

———बाइट———

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक का लोकसभा में पारित होना निरंकुशता का प्रमाण है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बिल मुस्लिम समुदाय के प्रति दुर्भावनापूर्ण है।

———बाइट———

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू और महानंदा सहित अन्य नदी घाटों पर दोपहर बाद से ही अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोगों ने अपने घरों की छतों पर भी अस्थाई तालाब का निर्माण कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। भगवान भास्कर की पूजा—अर्चना के लिए राज्य के प्रसिद्ध सूर्य मंदिरों में पूजा के लिए बड़ी संख्या में छठव्रती और श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। औरंगाबाद के प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में बिहार के सीमावर्ती राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के लिए पहुंचे हैं। इधर, नवादा के हड़िया सूर्य मंदिर, गया के दक्षिणार्क सूर्य देवालय, पटना के बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर, दुल्हिन बाजार के उलार में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औंगारी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर और बक्सर के राम रेखा घाट पर भी बड़ी संख्या में छठ व्रती और श्रद्धालु भगवान भास्कर की पूजा—अर्चना के लिए पहुंचे हैं। कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ महापर्व अनुष्ठान संपन्न हो जायेगा। समाचार कक्ष के लिए उपेन्द्र पासवान।

इधर, छठ को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। नदी घाटों पर एनडीआएफ और एसडीआरएफ की टीमों की तैनाती की गयी है। पटना शहर की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में आज सुबह से बादल छाये हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा और जमुई जिले में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

———————————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा है। कल तबीयत खराब होने के बाद उन्हें पटना से दिल्ली ले जाया गया था। लालू प्रसाद को अभी क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनका इलाज कर रही है।

————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस पर चर्चा जारी। अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा – विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन करना है।

02. विधेयक के कल लोकसभा में पारित होने के बाद देश भर में प्रमुख नेताओं ने इसका स्वागत किया। कहा – यह विधेयक वक्फ बोर्ड के प्रबंधन और शासन में पारदर्शिता लाएगा।

03. लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। कल उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही संपन्न हो जाएगा छठ महापर्व का अनुष्ठान।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा और जमुई जिले में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।